भारत के 28 राज्यों में बोली जाने वाली 22 भाषाएं

samanyagyan.com/hindi/gk-indian-states-and-languages

भारत के कौन-से राज्य में कौन-सी भाषा बोली जाती है पर आधारित सामान्य ज्ञान (List of Indian States and their Languages in Hindi)

भारतीय राज्य देश के संघीय प्रशासनिक ढाँचे की एक उप-राष्ट्रीय प्रशासनिक इकाई हैं। भारत के राज्यों की अपनी चुनी हुई सरकारें होती हैं, जिनका चुनाव उस राज्य के मतदाताओं द्वारा प्रति पाँच वर्ष की अवधि पर किया जाता है। प्रत्येक राज्य की अपनी विधानसभा भी होती हैं, जो राज्य स्तर पर भारत की संसद के समान ही हैं, जहाँ से राज्य सरकार, राज्य में शासन चलाती है। संसार में सबसे बड़ा गणतन्त्र, भारत गणराज्य में 28 राज्य और 9 केंद्र शासित प्रदेश हैं। राज्य का मुखिया **मुख्यमंत्री** होता हैं और केंद्र शासित प्रदेश का मुखिया को उप-राज्यपाल या प्रशासक कहा जाता हैं।

भारत के 28 राज्य और 22 भाषाओं के नाम

भारत अनेकता में एकता प्रदर्शित करने वाला देश हैं। यहाँ हर एक राज्य में अलग-अलग भाषाएँ बोली जाती हैं, रहन-सहन और बोली और संस्कृति भी हर 40-50 किलोमीटर में ही अलग दिखाई देती हैं। भारत में विभिन्नता का स्वरूप न केवल भौगोलिक है, बल्कि भाषायी तथा सांस्कृतिक भी है। हिन्दी भाषा को भारत की राजकीय और आधिकारिक भाषा का दर्जा प्रदान किया गया है और हिंदी भारत के 10 राज्यों की राजकीय भाषा है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 1652 मातृभाषायें प्रचलन में हैं, जबकि संविधान द्वारा 22 भाषाओं को राजभाषा की मान्यता प्रदान की गयी है। **भारतीय संविधान के अनुच्छेद** 344 के अंतर्गत पहले केवल 15 भाषाओं को राजभाषा की मान्यता दी गयी थी, लेकिन 21वें संविधान संशोधन के द्वारा सिन्धी को तथा 71वाँ संविधान संशोधन द्वारा नेपाली, कोंकणी तथा मणिपुरी को भी राजभाषा का दर्जा प्रदान किया गया। बाद में 92वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 2003 के द्वारा संविधान की आठवीं अनुसूची में चार नई भाषाओं बोडो, डोगरी, मैथिली तथा संथाली को राजभाषा में शामिल कर लिया गया। इस प्रकार अब संविधान में 22 भाषाओं को राजभाषा का दर्जा प्रदान किया गया है। भारत में इन 22 भाषाओं को बोलने वाले लोगों की कुल संख्या लगभग 90% है। इन 22 भाषाओं के अतिरिक्त अंग्रेज़ी भी सहायक राजभाषा है और यह मिज़ोरम, नागालैण्ड तथा मेघालय की राजभाषा भी है। कुल मिलाकर भारत में 58 भाषाएँ स्कूलों में पढ़ायी की जाती है। भारत के सभी राज्यों की प्रमुख भाषाओं के नाम निम्नलिखित है-

भारत के 28 राज्यों में बोली जाने वाली 22 भाषाओं की सूची:

भारत के राज्य और केंद्र शासित प्रदेश	भाषा	अन्य भाषा
जम्मू एवं कश्मीर	कश्मीरी	डोगरी और हिंदी
हिमाचल प्रदेश	हिन्दी	पंजाबी और नेपाली

भारत के राज्य और केंद्र शासित प्रदेश	भाषा	अन्य भाषा
हरियाणा	हिन्दी	पंजाबी और उर्दू
पंजाब	पंजाबी	हिन्दी
उत्तराखंड	हिन्दी	गढ़वाली, कुमाऊनी, उर्दू, पंजाबी और नेपाली
दिल्ली	हिन्दी	पंजाबी, उर्दू और बंगाली
उत्तर प्रदेश	हिन्दी	उर्दू
राजस्थान	हिन्दी	पंजाबी और उर्दू
मध्य प्रदेश	हिन्दी	मराठी और उर्दू
पश्चिम बंगाल	बंगाली	हिंदी, संताली, उर्दू, नेपाली
छत्तीसगढ़	छत्तीसगढी	हिन्दी
बिहार	हिन्दी	मैथिली और उर्दू
झारखंड	हिन्दी	संताली, बंगाली और उर्दू
सिक्किम	नेपाली	हिन्दी, बंगाली
अरूणाचल प्रदेश	बंगाली	नेपाली, हिन्दी और असमिया
नागालैंड	बंगाली	हिन्दी और नेपाली
मिजोरम	बंगाली	हिन्दी और नेपाली
असम	असमिया	बंगाली, हिंदी, बोडो और नेपाली
त्रिपुरा	बंगाली	हिन्दी
मेघालय	बंगाली	हिन्दी और नेपाली
मणिपुर	मणिपुरी,	नेपाली, हिन्दी और बंगाली
ओडिशा	ओरिया	हिंदी, तेलुगु और संताली
महाराष्ट्र	मराठी	हिन्दी, उर्दू और गुजराती

भारत के राज्य और केंद्र शासित प्रदेश	भाषा	अन्य भाषा
गुजरात	गुजराती	हिंदी, सिंधी, मराठी और उर्दू
कर्नाटक	कन्नड़	उर्दू, तेलुगू, मराठी और तमिल
दमन और दीव	गुजराती	हिंदी और मराठी
दादरा और नगर हवेली	गुजराती	हिंदी, कोंकणी और मराठी
गोवा	कोंकणी	मराठी, हिन्दी और कन्नड़
आंध्र प्रदेश	तेलुगु	उर्दू, हिंदी और तमिल
केरल	मलयालम	–
लक्षद्वीप	मलयालम	–
तमिलनाडु	तमिल	तेलुगू, कन्नड़ और उर्दू
पुडुचेरी	तमिल	तेलुगू, कन्नड़ और उर्दू
अंडमान और निकोबार द्वीप	बंगाली	हिंदी, तमिल, तेलुगू और मलयालम

इन्हें भी पढ़े: भारतीय राज्य और लोक नृत्य की सूची

नीचे दिए गए प्रश्न और उत्तर प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रख कर बनाए गए हैं। यह भाग हमें सुझाव देता है कि सरकारी नौकरी की परीक्षाओं में किस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं। यह प्रश्नोत्तरी एसएससी (SSC), यूपीएससी (UPSC), रेलवे (Railway), बैंकिंग (Banking) तथा अन्य परीक्षाओं में भी लाभदायक है।

भारतीय भाषाएँ - महत्वपूर्ण प्रश्न और उत्तर (FAQs):

प्रश्न: मलयालम किस राज्य की भाषा है?

उत्तर: केरल *(Exam - SSC STENO G-D Feb, 1996)*
प्रश्न: किस भाषा का ज्यादा प्रयोग 'बौद्धवाद' के प्रचार के लिए किया गया?

उत्तर: पाली *(Exam - SSC CML Oct, 1999)*
प्रश्न: भाषायी राज्यों की माँग पर विचार करने के लिए 1953 ई0 में गठित, राज्य पुनर्गठन आयोग के अध्यक्ष कौन थे?

उत्तर: फजल्ल अली *(Exam - SSC SOC Dec, 2000)*
प्रश्न: किस को सामान्य बोलचाल की भाषा में 'भारत का प्रक्षेपास्त्र पुरुष (मिसाइल मैन)' कहा जाता है?

उत्तर: डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम *(Exam - SSC CML May, 2001)*
प्रश्न: तमिल भाषा के 'शिलप्पदिकारम' और 'मणिमेखलई' नामक गौरव ग्रन्थ किससे सम्बन्धित्त है?

उत्तर: हिन्दू धर्म *(Exam - SSC CGL Mar, 2002)*
प्रश्न: लक्षद्वीप के लोग मूलत: कौन-सी भाषा बोलते है?

उत्तर: मलयालम *(Exam - SSC CML May, 2002)*
प्रश्न: भारतीय संविधान की अनुसूचियों में से कौन-सी अनुसूची में संविधान के तहत् मान्यता प्राप्त भाषाएँ सूचिबद्ध हैं?

उत्तर: आठवीं अनुसूची *(Exam - SSC AIC Oct, 2003)*
प्रश्न: राज्यों को भाषाई आधार पर कब पुनर्गठित किया गया था?

उत्तर: 1956 ई0 में *(Exam - SSC STENO G-D Aug, 2005)*
प्रश्न: स्वतंत्र भारत का वह सबसे पहला राज्य कौन-सा है जो केवल भाषाई आधार पर बनाया गया या?

उत्तर: आंध्र प्रदेश *(Exam - SSC CML Jul, 2006)*
प्रश्न: भारत में जनसंख्या की क्षमता की परिभाषा किस रुप में दी जाती है?

उत्तर: प्रति वर्ग किलोमीटर व्यक्तियो की संख्या के रुप में *(Exam - SSC SOA Dec, 2006)*

You just read: Bharat Ke Kaun-se Raajy Mein Kaun-see Bhaasha Bolee Jaatee Hai Par Aadhaarit Samanya Gyan